RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 276 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

## तत्परता से राहत कार्य संचालित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री

**लखनऊ ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलो में भारी बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

प्रदेश के कई जिलों में कल रात से ही भारी बारिश हो रही है। अयोध्या में बारिश के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, सीतापुर में कच्ची दीवार ढहने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश से काफी नुकसान हुआ है। मानसून के खत्म होने के बाद एक बार फिर उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में मौसम बदला है जिस वजह से बारिश हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भारी बारिश के कारण लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो साथ ही जिन किसानों की फसल बारिश के कारण बबार्द हुई है उन्हें भी राहत मिले इसके लिए अधिकारी फील्ड में उतर जाएं।

मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को भी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश तथा गरज चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है. भारी बारिश को देखते हुए सुल्तानपुर और रामनगरी अयोध्या में जिलाधिकारी ने स्कूलों में छुट्टी कर घोषित कर दी है।

वहीं बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर में बिजली गिरने की मौसम विभाग ने संभावना जताई है.

### 24 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, देवरिया, गोरखपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर जिलों में मौसम विभाग ने भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

# डीएम ने सेक्टर-126 में कंपोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

● **मिड-डे मील खाकर परखी गुणवत्ता, कक्षाओं में जाकर बच्चों से की बात**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्कूलों में मिड–डे मील समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने रायपुर में सेक्टर–126 स्थित कंपोजिट विद्यालय का दौरा किया।

इस दौरान जिलाधिकारी स्कूल की प्रिंसिपल के साथ सभी कक्षाओं का दौरा कर पढ़ाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने किचेन में जाकर मिड–डे मील की व्यवस्था देखी तथा स्वयं खाना खाकर गुणवत्ता को परखा।

बता दें कि सरकार की मिड–डे मील को लेकर कुछ स्थानों से खाने की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे थे। इसी के मददेनजर जिलाधिकारी ने सामान्य प्रक्रिया के तहत स्कूलों में जाकर निरीक्षण करने का अभियान शुरू किया है। इस दौरान अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।





# जनविरोध के बाद भी सेक्टर-105 में लगाया जा रहा है मोबाइल टॉवर

## आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने आईटी मंत्री व सीईओ से की शिकायत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के पॉश इलाके सेक्टर–105 में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके मोबाइल टॉवर लगाने का मामला सामने आया है। नोएडा सेक्टर–105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा को पत्र लिखकर मामले की शिकायत की है और जल्द कार्रवाई की मांग की है।

यह पूरा मामला नोएडा के सेक्टर–105 का है। यहां इंडस कंपनी सेक्टर के प्लस पार्क में मोबाइल टॉवर लगा रही है। सेक्टर–105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने बताया कि इंडस कंपनी सरकार के नियम कानून का उल्लंघन कर मोबाइल टॉवर लगा रही है।

दिव्य कृष्णात्रेय ने बताया कि मोबाइल टावर लगाने के लिए भारत सरकार के कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर 2013 को उच्च न्यायालय ने एक आदेश पारित किया था कि पर्यावरण अधिनियम 1989 के तहत रिहायशी इलाकों स्कूल और अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल टावर नहीं लगाया जा सकता।

श्री कृष्णात्रेय ने बताया कि प्लस पार्क में पहले से एक टावर लगा हुआ है। उसके बावजूद एक और टावर लगाया जा रहा है। घरों के पास में मोबाइल टॉवर लगाए जाने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नुकीले हथियार से कबाड़ी की हत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना लिंक रोड के महाराजपुर ईदगाह के सामने एक कबाड़ी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूत्रों के मुताबिक कबाड़ी की हत्या की गई है।

सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि हल्का इंचार्ज एवं चीता मोबाइल के द्वारा रात्रि गश्त किया जा रहा था। महराजपुर इदगाह के सामने सड़क पर एक व्यक्ति पड़ा हुआ दिखाई दिया जब उसके पास जाकर उसका निरीक्षण किया गया तो व्यक्ति मृत अवस्था में था तथा उसकी छाती में बाईं तरफ किसी नुकीली वस्तु से घाव का निशान था। जिससे खून बह रहा था। आस–पास के लोगों से पहचान कराई गयी तो मृतक की पहचान भानू उर्फ निशांत पुत्र किशन शर्मा मूल रूप से बिहार के रहने वाला जो कि पिछले एक वर्ष से महराजपुर क्षेत्र में किराये पर अकेले रह रहा था। जो कबाड़ी आदि का काम करता था। पुलिस आस–पास के सीसीटीवी फुटेज व अन्य मैनुअल इनपुट के आधार पर जानकारी की जा रही है।

# सर्जिकल उपकरण बनाने वाली कंपनी में लगी आग

**गाजियाबाद ( चेतना मंच ) ।** गाजियाबाद के मोदीनगर में सौंदा रोड पर संचालित के.एस. सर्जिकल प्रा लि फैक्ट्री के तीन मंजिला भवन में आग लग गई। आग लगने के कारण फैक्टरी का काफी माल जल गया वहीं आसपास के दो मकानों में दरार आ गई। कंपनी के मालिक का नाम विकास बताया जाता है।

देर रात मोदीनगर फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना मिली। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल दोनों फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंच कर देखा की आग तीन मंजिला भवन के तृतीय और भूतल पर लगी हुई है जो कि दोनों तलों के काफी बड़े हिस्से में फैल चुकी है।



तत्काल दोनों फायर टेंडर से पंपिंग कर हौज पाईप फैलाकर आस पास के रिहायशी मकानों की छतों पर से आग बुझाना शुरु किया। कोतवाली व दो फायर टेंडर वैशाली और एक–एक फायर टेंडर क्रमश: सेक्टर 58 (नोएडा) और परतापुर (मेरठ) फायर स्टेशनो से घटनास्थल पर पहुंचे।

घटनास्थल के पास में स्थित औद्योगिकी इकाईयों में उपलब्ध जल स्रोतों से लगातार पानी भर–भरकर तीन तरफ से आग पर पानी लाकर आग को फैलने से रोक लिया गया और फैक्ट्री के प्रथम तल और लगभग आधे हिस्से में भूतल पर रखे सामान को एवं आसपास के सभी रिहायशी मकानों को भी सुरक्षित बचा लिया गया। फैक्ट्री में मानकों के अनुसार अग्निशमन व्यवस्था स्थापित नहीं है।

कुल 9 फायर टेंडरों की मदद से इस आग को फायर सर्विस यूनिटस द्वारा सुबह लगभग 10:30 बजे पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

# योगी शासन में घूसखोर अफसरों पर पड़ी नकेल

## पूर्व सरकारों के मुकाबले गिरफ्तारी की संख्या में 8 गुना इजाफा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में घूसखोरी व रिश्वत लेते अब तक 638 सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साल दर साल यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। समाजसेवी रंजन तोमर एडवोकेट द्वारा लगाई गई आरटीआई के जवाब में यह जानकारी मुख्यालय, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा दी गई है।

श्री तोमर ने पिछले दस वर्ष में गिरफ्तार हुए लोक सेवकों की जानकारी मांगी थी। जिसके जवाब में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जनसूचना अधिकारी ने जानकारी दी है कि 2014 में 19 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार 2015 में 48, 2016 में 30, 2017 में 53, 2018 में 80, 2019 में 100, 2020 में 34, 2021 में 41, 2022 में 81 और फिर 2023 में 152 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया। अर्थात पिछले दस वर्षों में 638 गिरफ्तारियां हुईं



### 10 वर्षों में हुई 638 गिरफ्तारियां

गौतमबुद्धनगर जनपद समेत प्रदेश के सभी जनपदों में सरकारी महकमों में तैनात चंद अफसरों की रिश्वतखोरी की आदत नहीं छूट रही है। पूर्व सरकारों में रिश्वत लेने की आदत योगी जी की जीरो टॉलरेंस नीति के बाद भी थम नहीं रही है। ऐसे लोगों पर अब कार्रवाई तेज हो गई है।

ऊपर दिए गए आंकड़ों से साफ है की प्रदेश की योगी सरकार भ्रस्टाचार के खिलाफ सख्त हैं। जहाँ 2014 में भी प्रदेश में खूब भ्रष्टाचार था फिर भी मात्र 19 ही लोक सेवकों को संगठन पकड़ पाया। वहीं यह आंकड़ा 2023 तक एक वर्ष में लगभग 8 गुना बढ़ गया।

# अब महंगा हुआ ताज का दीदार करना!

## हर आम व खास पर पड़ेगा टोल टैक्स की बढ़ी दरों का असर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने एक्सप्रेसवे की टोल दरों में 5–12 फीसदी की वृद्धि कर दी है। इसका प्रभाव हर आम व खास लोगों पर पड़ेगा। यही नही 'नोएडा–दिल्ली एनसीआर से आगरा ताजमहल का दीदार करना तथा मथुरा के बांके बिहारी मंदिर व कृष्ण जन्मभूमि के दर्शन करना भी महंगा साबित होगा। प्राधिकरण के इस फैसले से आम जनता काफी नाराज है। ये दरें 1 अक्टूबर को मध्यरात्रि से लागू होंगी।

यीडा की 82वीं बोर्ड बैठक में टोल की नई दरों की घोषणा की गई। इसके मुताबिक कार–जीप में टोल टैक्स पूर्व दर 429 रूपये से बढ़ाकर 486.75 रूपये कर दिया गया है। वहीं दोपहिया वाहनों में पूर्व की दर 206.25 रूपये के मुकाबले 247.5 रूपये, हल्के वाहनों की दरें पूर्व की 684.75 रूपये के मुकाबले 759 रूपये,




बस व ट्रक की दरें पूर्व की 1394.25 रूपये के मुकाबले बढ़ाकर 1542.75 रूपये, भारी निर्माण मशीनों की दरें 2128.5 रूपये के मुकाबले 2351.25 रूपये तथा बड़े माल वाहक वाहन की दरों में पूर्व की टोल दर 2739 रूपये के मुकाबले बढ़ाकर 3027.75 रूपये कर दी गयी है।

लेगों का कहना है कि बढ़ी टोल दरों का असर निजी वाहन स्वामियों के अलावा सरकारी व निजी बसों के साथ–साथ किराये की कार व कैब में यात्रा करने वालों की जेंबों पर भी पड़ेगा। कुल मिलाकर हर आम व (शेष पृष्ठ-3 पर)

# गंदगी की शिकायत पर ओमीक्रॉन-1 पहुंची एसीईओ

## स्वास्थ्य विभाग के अफसरों व कर्मचारियों को लगाई लताड़




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वास्थ्य विभाग के अफसरों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ग्रेटर नोएडा का ओमीक्रॉन–1 सेक्टर कूड़े का ढ़ेर बनता जा रहा है। शिकायत पर एसीईओ लक्ष्मी वीएस ने विभागीय अफसरों को लताड़ लगाई।

जानकारी के मुताबिक, सेक्टर ओमीक्रॉन वन के नारायणा पब्लिक स्कूल के बगल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों (शेष पृष्ठ-3 पर)

# एनसीआरटीसी का दुनिया में बजा डंका



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** एनसीआरटीसी को 25 सितंबर 2024 को बर्लिन (जर्मनी) में आयोजित यूआईसी सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट अवार्ड्स 2024 में निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए सर्वश्रेष्ठ ट्रांजिट पुरस्कार और वैश्विक प्रविष्टियों के बीच ओवरऔल विनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर, भव्य होगी काली बाड़ी की पूजा

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

शारदीय नवरात्रों को लेकर शहर के विभिन्न जगहों पर तैयारियां जोर पर हैं। दुर्गा पूजा के लिए बनाए जा रहे पंड़ालों का कार्य भी अतिंम दौर में है। इसी क्रम में सेक्टर–26 स्थित कालीबाडी की दुर्गा पूजा की विशेष तैयारी की जा रही है। यहां पर कोलकाता के मूर्तिकार मूर्तियां बना रहे हैं। वहीं पंडाल का भी कार्य चल रहा है।

तीन अक्तूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्रों में एक सप्ताह शेष रह गया हैं। शहर में सोसाइटी और विभिन्न पूजा समितियों की ओर से पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। सेक्टर–19 स्थित बीएसएनएल चौराहे और सेक्टर–55 बाजार में मां दुर्गा की मूर्तियां सजी हैं। वहीं,



शहर के मुख्य बाजार में भी मूर्तियों को मूर्तिकार दिनरात काम कर अतिंम रूप देने में लगे हैं।

मूर्तिकार मनीष ने बताया कि 10 बड़ी दुर्गा के साथ–साथ मां के विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियां भी बनाई गई हैं। इसके अलावा सरस्वती और लक्ष्मी की भी मूर्ति बनाई जा रही हैं। बाजार में मूर्तियां एक हजार रुपये से लेकर 12 हजार रुपये तक की हैं। मूर्तिकारों का दावा है कि ये मूर्तियां 15 मिनट में पानी में घुल जाएंगी। मूर्ति बनाने का काम दो महीने से जारी है।

मूर्तिकार रमेश कुमार ने बताया कि वे हर वर्ष माता की मूर्तियां बनाते हैं। भगवान गणेश की मूर्तियों के साथ ही मां दुर्गा की मूर्तियों का निर्माण शुरू हो गया था।

## धोखाधड़ी है

सुप्रीम कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है जिसमें अदालत ने सख्त लहजे में कहा– 'पंजाब में एनआरआई कोटे का बिजनेस बंद हो, यह धोखाधड़ी है।' शायद, कोर्ट निर्लज्ज राजनीति पर इससे ज्यादा सख्त टिप्पणी नहीं कर सकता। कोर्ट ने तो यहां तक कह दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में मनमानी कुछ और नहीं सिर्फ पैसा घुमाने की मशीन है। निस्संदेह, मेडिकल कॉलेजों के कर्ताधर्ताओं से मिलीभगत करके एनआरआई की व्यापक परिभाषा का उपयोग आर्थिक लाभ पाने की मंशा से किया जा रहा था। राजनीतिक जिद देखिये कि पंजाब सरकार के इस बाबत जारी अध्यादेश को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले जाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यह फर्जीवाड़ा बंद होना चाहिए। एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण का लाभ देकर मेधावी छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात किया जाता। जिसकी अनुमति किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकी। इस कदम से एनआरआई कोटे का मूल मकसद ही समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये संशोधन का प्रयास प्रॉस्पेक्टस जारी होने के बाद किया गया, जो सरकार की नीयत-नीति पर सवाल पैदा करता है। अदालत का मानना था कि एनआरआई कोटे का मूल मकसद एनआरआई व उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था। जिससे उन्हें भारत में मेडिकल शिक्षा पाने का मौका मिल सके। सरकार की हालिया पहल नीति के मूलभूत उद्देश्य को बाधित करती है। तभी शीर्ष अदालत ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के अध्यादेश पर रोक लगाने के फैसले को उचित ठहराया। निस्संदेह, यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती तो नीट परीक्षा में कई गुना अधिक नंबर हासिल करने वाले छात्र मेडिकल कालेजों में दाखिला पाने से वंचित हो जाते। निस्संदेह, राज्य सरकार की ऐसी कोशिशों से उन मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होता, जो सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। ये कोशिश नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होती। फिर यह डॉक्टरी जैसे गंभीर संवेदनशील पेशे के लिये भी घातक होता कि अयोग्य लोग मरीजों का उपचार करने के अधिकारी बन जाते। यानी हम समाज में अयोग्य डॉक्टरों को उपचार करने की अनुमति देते। जो दूसरे शब्दों में नीम-हकीम खतराये जान वाली कहावत को चरितार्थ करता। फिर जो लोग लाखों-करोड़ की फीस देकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करते, वे चिकित्सा पेशे में सेवा के पवित्र मकसद के बजाय मुनाफे के मेवे पर ध्यान केंद्रित करते। जो समाज में लगातार महंगे होते उपचार को बढ़ावा देने वाला ही होता। इसी तरह चिकित्सा के पेशे में आने वाले तमाम मेधावी छात्रों के साथ भी यह अन्याय होता। यह विडंबना है ही कि देश में चिकित्सा की पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। सामान्य परिवारों के लिये चिकित्सा शिक्षा हासिल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इस संकट को निजी मेडिकल कालेजों की मुनाफाखोरी ने बढ़ावा ही दिया है। जिस देश में पहले ही आबादी के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या विश्व मानकों के अनुपात में कम है,वहां महंगी होती मेडिकल शिक्षा स्थिति को और विकट ही बनाएगी। बहुत संभव है कि एनआरआई कोटे से शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की प्राथमिकता देश के बजाय विदेश में प्रेक्टिस करने की होती। ऐसे मामलों में केंद्र सरकार को पूरे देश में एनआरआई कोटे के आरक्षण के मानकों में एकरूपता लानी चाहिए जिससे किसी राज्य विशेष की प्रतिभाओं के साथ होने वाले अन्याय को रोका जा सके। कम से कम किसी मेधावी छात्र को मोटी फीस न दे पाने की वजह से चिकित्सा शिक्षा हासिल करने के अधिकार से वंचित न होना पड़े। हाल के वर्षों में राजग सरकार ने देश में बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की थी। जरूरत इस बात की है कि गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा को मूर्त रूप देने की पहल शीघ्रता से की जाए। जिससे लाखों छात्रों के डॉक्टर बनने के सपने को पूरा किया जा सके।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कि मैंने शंकरजी का कहना न माना और अपने अज्ञान का श्री रामचन्द्रजी पर आरोप किया। अब जाकर मैं शिवजी को क्या उत्तर दूँगी? ( यों सोचते-सोचते ) सतीजी के हृदय में अत्यन्त भयानक जलन पैदा हो गई॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जाना राम सतीं दुखु पावा। निज प्रभाउ कछु प्रगटि जनावा॥**
**सतीं दीख कौतुकु मग जाता। आगें रामु सहित श्री भ्राता॥**

श्री रामचन्द्रजी ने जान लिया कि सतीजी को दुःख हुआ, तब उन्होंने अपना कुछ प्रभाव प्रकट करके उन्हें दिखलाया। सतीजी ने मार्ग में जाते हुए यह कौतुक देखा कि श्री रामचन्द्रजी सीताजी और लक्ष्मणजी सहित आगे चले जा रहे हैं। (इस अवसर पर सीताजी को इसलिए दिखाया कि सतीजी श्री राम के सच्चिदानंदमय रूप को देखें, वियोग और दुःख की कल्पना जो उन्हें हुई थी, वह दूर हो जाए तथा वे प्रकृतिस्थ हों।)॥

**फिरि चितवा पाछें प्रभु देखा। सहित बंधु सिय सुंदर बेषा॥**
**जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना। सेवहिं सिद्ध मुनीस प्रबीना॥**

(तब उन्होंने) पीछे की ओर फिरकर देखा, तो वहाँ भी भाई लक्ष्मणजी और सीताजी के साथ श्री रामचन्द्रजी सुंदर वेष में दिखाई दिए। वे जिधर देखती हैं, उधर ही प्रभु श्री रामचन्द्रजी विराजमान हैं और सुचतुर सिद्ध मुनीश्वर उनकी सेवा कर रहे हैं॥

**देखे सिव बिधि बिष्नु अनेका। अमित प्रभाउ एक तें एका॥**
**बंदत चरन करत प्रभु सेवा। बिबिध बेष देखे सब देवा॥**

सतीजी ने अनेक शिव, ब्रह्मा और विष्णु देखे, जो एक से एक बढ़कर असीम प्रभाव वाले थे। (उन्होंने देखा कि) भाँति-भाँति के वेष धारण किए सभी देवता श्री रामचन्द्रजी की चरणवन्दना और सेवा कर रहे हैं॥

**( क्रमशः.. )**

# 'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल पूरे हो गए!

आप में से प्रत्येक का अभिनंदन करने का शानदार अवसर है जिन्होंने इस पहल को अत्यंत सफल बनाया है। आप में से प्रत्येक व्यक्ति अग्रणी, दूरदर्शी और अन्वेषक है जिनके अथक प्रयासों से ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता सुनिश्चित हुई है, और इस तरह से हमारा देश वैश्विक आकर्षण एवं जिज्ञासा का केंद्र बन गया है। इस अथक सामूहिक प्रयास से ही एक सपने ने एक अत्यंत प्रभावशाली आंदोलन या मुहिम का रूप ले लिया है।

'मेक इन इंडिया' का व्यापक प्रभाव यह दर्शाता है कि भारत की प्रगति थमने वाली नहीं है। यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था– विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने।

पिछले एक दशक पर विचार करते समय मैं इस बात पर गर्व महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि 140 करोड़ भारतीयों की अपार क्षमता और कौशल ने हमें कितना आगे बढ़ा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जिनमें हमने अपनी अमिट छाप छोड़ने का सपना कभी भी नहीं देखा था।


**मैं यहां एक-दो उदाहरण प्रस्तुत करता हूं।**

मोबाइल का विनिर्माण... हम सभी यह जानते हैं कि मोबाइल फोन अब कितने अहम हो गए हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2014 में हमारे यहां पूरे देश में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 200 से भी अधिक हो गई है। हमारे देश से मोबाइल निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक आंकड़े को छूने लगा है – यह 7500 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि को दर्शाता है! आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल फोन सही मायनों में 'मेड इन इंडिया' हैं। हम पूरी दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता बन गए हैं।

हमारे इस्पात उद्योग पर एक नजर डालें तो हम विशुद्ध रूप से तैयार स्टील के निर्यातक बन गए हैं, जिसका कुल उत्पादन वर्ष 2014 से लेकर अब तक 50 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ गया है।

हमारा सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है, जिसमें पांच संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ से भी अधिक चिप्स की होगी!

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरी दुनिया में चौथे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं जिसमें कुल क्षमता केवल एक दशक में 400% बढ़ गई है। हमारा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग जोरदार उछाल के साथ 3 अरब डॉलर का हो गया है, जो वर्ष 2014 में तो एक तरह से अस्तित्व में ही नहीं था। रक्षा उत्पादों का निर्यात मात्र 1,000 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो अब तो 85 से भी अधिक देशों में पहुंच गया है। 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान, मैंने एक जीवंत खिलौना उद्योग की आवश्यकता के बारे में बात की थी और हमारे लोगों ने दिखाया कि यह कैसे किया जाता है! पिछले कुछ वर्षों में, हमने निर्यात में जहां 239% की वृद्धि देखी है, वहीं, आयात आधे से भी कम हो गया है, जिसका विशेष रूप से हमारे स्थानीय विनिर्माताओं और विक्रेताओं को लाभ हुआ है, छोटे बच्चों का तो कहना ही क्या!)






**यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था– विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने।**

आज के भारत के कई प्रतीक– हमारी वंदे भारत ट्रेनें, ब्रह्मोस मिसाइलें और हमारे हाथों में मोबाइल फोन – सभी पर गर्व के साथ मेक इन इंडिया लेबल नजर आता है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक, इससे भारतीय प्रतिभा और गुणवत्ता का पता चलता है।

मेक इन इंडिया पहल इसलिए भी खास है क्योंकि इसने गरीबों को बड़े सपने देखने और आकांक्षाएं के लिए पंख दिए हैं– इसने उन्हें यह विश्वास दिलाया है कि वे वेल्थ क्रिएटर बन सकते हैं। एमएसएमई क्षेत्र पर इसका प्रभाव भी उतना ही उल्लेखनीय है।

एक सरकार के रूप में, हम इस भावना को और भी मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा एक दशक लंबा ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ बोलता है। उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं गेम चेंजर रही हैं, जिससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश संभव हुआ है और लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं। हमने व्यापार को आसान बनाने के लिए भी खासे प्रयास किए हैं।

आज भारत के पक्ष में बहुत कुछ चल रहा है– हम लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग का सही मिश्रण हैं। हमारे पास वो सब कुछ है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए आवश्यक हैं और जिन्हें व्यापार के लिए एक विश्वसनीय भागीदार में देखा जाता है। हमारे पास सबसे शानदार युवा शक्ति भी है, जिसके स्टार्टअप की सफलता सभी के सामने है।

इस प्रकार, माहौल स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में है। वैश्विक महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत मजबूती से विकास की राह पर बना हुआ है। आज, हमें वैश्विक विकास के नेतृत्व करने वाले के रूप में देखा जा रहा है। मैं अपने युवा मित्रों से आह्वान करता हूं कि वे आएं और मेक इन इंडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारा साथ दें। हम सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए। गुणवत्ता प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। जीरो डिफेक्ट हमारा मंत्र होना चाहिए।

हम मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं जो न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि विश्व के लिए विनिर्माण और नवाचार का केंद्र भी बनेगा।

**– नरेंद्र मोदी**

## अरविंद केजरीवाल के निशाने पर संघ क्यों?

दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री हो चुके अरविंद केजरीवाल के सवालों के घेरे में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के ताजपोशी के अगले ही दिन 'जनता की अदालत' में पहुंचे केजरीवाल ने सीधे-सीधे संघ प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछ लिये। लोकतांत्रिक भारतीय समाज किसी से भी तार्किक सवाल पूछने की अनुमति देता ही है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केजरीवाल के निशाने पर सचमुच मोहन भागवत ही हैं? इसका जवाब केजरीवाल के अतीत के ऐसे ही कुछ सवालों के जरिए तलाशा जा सकता है।

बीते लोकसभा चुनाव अभियान के बीच केजरीवाल ने कुछ ऐसा ही सवाल जनता के बीच उछाला था। तब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। लगे हाथों उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी मोदी पर हमला बोला था। तब उन्होंने कहा था कि योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जाएगा। साफ है कि केजरीवाल के निशाने पर मोदी हैं। लेकिन अतीत के जितने चुनावों में उन्होंने सीधे मोदी पर हमला बोला, उन चुनावों में केजरीवाल को फायदे की बजाय उलटा नुकसान ही हुआ। 2014 के आम चुनावों में वे सीधे ही वाराणसी के चुनावी मैदान में मोदी से दो-दो हाथ करने उतर गए थे। तब मीडिया के एक वर्ग और राजनीति के एक हिस्से ने उन्हें खूब तवज्जो दी थी। लेकिन मोदी के सामने वे कहीं ठहर नहीं पाए थे। अपवाद दिल्ली विधानसभा के अतीत के दोनों चुनाव रहे, जिसमें उन्होंने सीधे मोदी को निशाना बनाया और लोगों का रिकॉर्ड समर्थन हासिल करते रहे। चूंकि कुछ ही महीने बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं। इस बीच केजरीवाल अपनी आधी कैबिनेट के साथ जेल यात्रा कर आए हैं। उनके मंत्री रहे सत्येंद्र जैन अब भी जेल में ही हैं। मनीष सिसोदिया 14 महीने के बाद जमानत पर जेल से बाहर हुए हैं। उनके तेज-तर्रार सांसद संजय सिंह भी जेल यात्रा कर चुके हैं। शराब नीति घोटाले में इतनी जेल यात्राओं के बाद केजरीवाल और उनकी पार्टी की वैसी छवि नहीं रही, जैसी 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में रही। दिल्ली का सार्वजनिक परिवहन हांफ रहा है। दिल्ली के लोग सार्वजनिक सहूलियतों के लिए तरस रहे हैं। एमसीडी में केजरीवाल के नारे के साथ दिल्ली नगर निगम पर आम आदमी पार्टी का कब्जा हो चुका है। लेकिन एमसीडी की कार्यप्रणाली में गुणवत्तापूर्वक बदलाव होता नजर नहीं आ रहा है। बारिश में तकरीबन पूरी दिल्ली तालाब बनी रही। राजधानी दिल्ली के लिए शर्म की ही बात कही जाएगी कि 48 लोग बारिश के पानी से तालाब बनी दिल्ली में डूबकर मर गए। इन घटनाओं के चलते केजरीवाल के पुराने जलवे की दीवार में दरार पड़ चुकी है। इसी दरार के साथ केजरीवाल को विधान सभा के चुनाव में उतरना है, इसलिए उन्होंने अपने आजमाए नुस्खे को एक बार फिर आजमाने का फैसला किया है। इसलिए मोदी पर वे हमलावर तो हैं, लेकिन सीधे हमले से बच रहे हैं। पहले योगी आदित्य और अब मोहन भागवत का बहाना, केजरीवाल की उसी रणनीति का हिस्सा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आमतौर पर ऐसे आरोपों और सवालों की ना तो सफाई देता है और नही जवाब। इसलिए उम्मीद कम ही है कि केजरीवाल के आरोपों और सवालों का मोहन भागवत या संघ का कोई अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी जवाब देगा। संघ को ऐसी बातों को नजरंदाज करने का परीक्षित अभ्यास है। आशा की जाती है कि संघ केजरीवाल के किसी भी आरोप और सवाल का जवाब नहीं देगा।

केजरीवाल ने कहा है कि संघ का ही अंग भाजपा है। वह भाजपा विपक्षी दलों की सरकारों और नेताओं को साजिश के तहत जेल भेज रही है। केजरीवाल पूछ रहे हैं कि क्या मातृसंगठन होने के नाते बीजेपी के हर कामों में संघ की भी सहमति है। केजरीवाल ने संघ से यहां तक पूछा है कि क्या बेटा, मां से भी बड़ा हो गया है। केजरीवाल एक तरह से संघ और बीजेपी को एक-साथ जोड़कर बीजेपी को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि बीजेपी में संघ की विचारधारा में दीक्षित तमाम लोग तमाम स्तरों पर सक्रिय हैं। लेकिन संघ ने कभी नहीं स्वीकार किया है कि भाजपा उसका अंग है। संघ ने कभी भी इसे स्वीकार नहीं किया है कि बीजेपी उसका राजनीतिक अंग है। संघ उसे अपने आनुसंगिक संगठन के तौर पर भी स्वीकार नहीं करता। इसलिए यह तय है कि केजरीवाल के आरोप या सवाल का संघ कोई जवाब नहीं देने जा रहा। भरसक संघ की कोशिश होगी कि केजरीवाल के सवाल अनदेखे रह जाएं।

वैसे यह भी सच है कि संकेतों में संघ आम चुनाव नतीजों के बाद भाजपा को संदेश देता रहा है। संगठन को मजबूत बनाने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की भावनाओं की कद्र करने को लेकर भी संघ बीजेपी को संकेतों में सुझाव दे चुका है। शायद एक यह भी वजह है कि केजरीवाल बीजेपी की बजाय संघ से ही सीधे सवाल पूछ रहे हैं? केजरीवाल को शायद लगता है कि संकेतों में ही सही, उनके प्रश्नों का जवाब संघ दे दे। केजरीवाल बेहद चतुर राजनेता हैं। उनके अगले कदम की थाह लगाना आसान नहीं है। लेकिन यह तय है कि अगर संघ ने कोई जवाब दिया तो उसे वह ले उड़ेंगे और बीजेपी को नीचा दिखाने के लिए उसकी अपने ढंग से व्याख्या जरूर करेंगे। अगर ऐसा हो गया तो तय मानिए, केजरीवाल अपनी अतीत की राजनीति के हिसाब से नया वितंडा खड़ा करेंगे और इसके बीच से नई चुनावी राह बनाने की कोशिश करेंगे।

केजरीवाल एक और काम इन दिनों कर रहे हैं। वे जनता से पूछ रहे हैं कि वे ईमानदार हैं कि नहीं। चारा घोटाले के आरोपी और बाद में सजायाफ्ता रहे लालू प्रसाद यादव ने कभी जनता से नहीं पूछा कि वे ईमानदार हैं या नहीं। अलबत्ता आरोपी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद उनका दल चुनाव जीतता रहा है। केजरीवाल को अगर इन सवालों के बावजूद जीत मिली तो वे खुद को ईमानदार घोषित करने में पीछे नहीं रहेंगे। हालांकि लालू यादव ने चुनाव जतने के बावजूद कभी ऐसा दावा नहीं किया। इन अर्थों में देखें तो लालू और केजरीवाल में समानता नहीं है। हां, संघ पर हमले के संदर्भ में देखें तो लालू और केजरीवाल की रवायत एक जैसी दिखती है।

केजरीवाल ने ऐसे ही हमले करते हुए अतीत में अपनी ताकत बढ़ाई है। पहले उन्होंने कांग्रेस और शीला दीक्षित पर हमला बोला। शुरूआती दौर में उनका आंदोलन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ था। तब के सत्ताधारी गठबंधन का शायद ही कोई नेता होगा, जो तब केजरीवाल और उनकी टीम की नजर में भ्रष्टाचारी नहीं था। उनका नाम जपते-जपते केजरीवाल राजनीति के विशेष मुकाम तक पहुंच गए। लेकिन अब वे उन्हीं नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं, उनके साथ चुनावी मैदान में उतरने की जोड़-जुगत भिड़ाते रहे हैं। चूंकि अभी बीजेपी उनकी दुश्मन नंबर एक पार्टी है, लिहाजा बीजेपी को छोड़ तमाम बड़ी पार्टियों के साथ वे गठबंधन की राह या तो तलाशते हैं या फिर किसी खास इलाके या राज्य में गठबंधन बना भी लेते हैं। हालांकि लोकसभा चुनावों में उन्हें कोई विशेष सफलता नहीं मिल पाई है। आज की राजनीति का आखिरी लक्ष्य सत्ता रह गई है। अगर सत्ता नहीं मिलती तो लंबी राजनीति के लिए राजनीतिक तौर पर जिंदा रहना जरूरी होता है। केजरीवाल को शायद लगता है कि मोहन भागवत और संघ का नाम उनकी सत्ता की राह बरकरार रखने में मददगार हो या नहीं, राजनीति में उन्हें प्रासंगिक बनाए रखने की जड़ी जरूर है।

**–उमेश चतुर्वेदी**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं )**

## राशिफल

**आश्विन कृष्ण पक्ष : दशमी**

**(विक्रम संवत् 2081)**


**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शत्रुओं का उत्पात बना रहेगा। पैरों में चोट चपेट लग सकती है। प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। मानसिक तनाव बना रहेगा। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं।


**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
मिथुन राशि की स्थिति स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम संतान की स्थिति पहले से बेहतर, व्यापार अच्छा चल रहा है।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। भुजा से लेकर के सिर तक की प्रॉब्लम संभव है। प्रेम संतान व्यापार मध्यम है।


**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
निवेश करने से बचें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान मध्यम, व्यापार लगभग ठीक रहेगा।


**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। ऊर्जा का उतार-चढ़ाव बना रहेगा। एक असमंजस की स्थिति बनी रहेगी।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
अनायास खर्च की स्थिति रहेगी। स्वास्थ्य भी मध्यम रहेगा। प्रेम संतान लगभग ठीक है। प्रेम, संतान ठीक है। व्यापार भी ठीक रहेगा।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। मान सशंकित रहेगा। प्रेम संतान भी मध्यम रहेगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
कोर्ट कचहरी से बचें। स्वस्थ मध्यम है। प्रेम संतान व्यापार लगभग ठीक है। लाल वस्तु पास रखें।


**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। कार्यों की विघ्न बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य, प्रेम व्यापार मध्यम।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। जीवनसाथी का भी स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है, और दोनों का साथ भी प्रभावित दिख रहा है।

# विधायक ने धरना खत्म करवाया



**दादरी ( चेतना मंच )।** एनटीपीसी में कार्यरत लैंड होसटी कर्मचारियों द्वारा अपनी कुछ मांगों को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को कल सफलतापूर्वक समाप्त कराया गया। दादरी विधायक, तेजपाल सिंह नागर ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रभावी वार्ता कर कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और त्वरित समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास किए।

श्री नागर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता हमेशा से ही कर्मचारियों के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा करना रही है। इस वार्ता के माध्यम से हम सभी कर्मचारियों की मांगों और उनके चिंताओं को समझने का प्रयास किया है। भविष्य में भी हम इसी तरह सभी मुद्दों का सकारात्मक और संवेदनशील समाधान करते रहेंगे।

उन्होंने इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस मुद्दे के समाधान में सहयोग किया। श्री नागर ने कहा कि हम सभी मिलकर एक सकारात्मक और समृद्ध भविष्य की दिशा में कार्य करते रहेंगे और एनटीपीसी के कर्मचारियों के हितों का सदैव सम्मान करेंगे।

# आईआईएफएल का गोल्ड लोन मेला शुरू, 28 तक चलेगा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों में से एक आईआईएफएल फाईनेंस गुड़गाँव एनसीआर में गोल्ड लोन मेला आयोजित कर रही है। यह मेला 25 से शुरू हो गया तथा 28 सितंबर तक चलेगा।

इस दौरान ग्राहक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क (निल पीएफ) के साथ 1 प्रतिशत प्रतिमाह की फ्लैट ब्याज दर पर गोल्ड लोन प्राप्त कर सकेंगे। आईआईएफएल फाईनेंस के हेड, गोल्ड लोन, सौरभ कुमार ने कहा, ''हमें मालूम है कि पैसे की जरूरत अचानक से सामने आती है, और हम जरूरत के समय पर अपने ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। इस गोल्ड लोन मेला द्वारा हम उन्हें किफायती वित्तीय समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी टीमें जरूरतमंद ग्राहकों की मदद करने के लिए तैयार हैं ताकि वो अपनी वित्तीय जरूरतों को आत्मविश्वास और आसानी के साथ पूरा कर सकें।''

1 प्रतिशत प्रतिमाह गोल्ड लोन ऑफर पाने के इच्छुक ग्राहक भारत में आईआईएफएल फाईनेंस की किसी भी शाखा पर आकर या कंपनी की वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अटेवा, पेंशन बचाओ मंच गौतमबुधनगर के बैनर तले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विवेकानंद मिश्रा सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच के जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने बताया कि नेता पुरानी पेंशन लेते हैं और शिक्षक, कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस देते हैं यह सौतेला व्यवहार अब नहीं चलेगा। सरकार एनपीएस और यूपीएस के नाम पर गुमराह कर रही है। पुरानी पेंशन के अलावा कर्मचारियों को कुछ भी मंजूर नही है।

मंच के जिला महामंत्री जगबीर भाटी ने सभी विभागों के साथियों का आक्रोश रैली में सम्मिलित होने पर आभार प्रकट किया। आक्रोश रैली को डॉ कुलदीप मलिक शिक्षक नेता, सत्येंद्र बहादुर सिंह राज्य कर जोनल अध्यक्ष, अम्मा प्रकाश शर्मा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, और निरंजन नागर अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, अशोक यादव राष्ट्रीय शैक्षिक संघ, यतीश शर्मा जिला अध्यक्ष कृषि विभाग, जीके शर्मा प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ श्रीमती नौरंगी देवी ने संबोधित किया।

आक्रोश रैली में हरलाल सिंह अशोक कुमार रामप्रवेश पाल, धर्मेंद्र प्रताप सिंह मानवेंद्र कुमार भाटी संतोष कुमार भूदेव सिंह प्रमोद कुमार संजीव विश्वकर्मा ,वीरेंद्र सिंह चौहान नीरज कुमार सिंह सुनील कुमार भीम सिंह चौहान सुधीर चौधरी आशीष श्रीवास्तव विराज शर्मा कुलदीप गुप्ता संदीप अत्री वीरेंद्र विश्वकर्मा रोहतास कुमार संजय खारी, अजय पाल नगर सकरुद्दीन धरम वीर संजय नागर सतवीर नागर वेद प्रकाश रविंद्र रोशा, संतोष, रश्मि भदोरिया जगदीश, पुष्पेंद्र, बृजलाल सिंह छत्रपाल दीपक भाटी शिवम, कमलेश, मुकेश गुप्ता सहित सैकड़ो लोगों ने प्रतिभा किया।

# विधायक पंकज सिंह को दी बधाई





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में पश्चिम उत्तर प्रदेश में नोएडा विधानसभा क्षेत्र को प्रथम स्थान हासिल होने पर भाजपा नेता डॉ दीपक कुशवाहा ने विधायक पंकज सिंह को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में नोएडा का दूसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र की ओर से सर्वश्रेष्ठ सदस्यता अभियान को लेकर 25 जिलों की प्रतियोगियों की सूची जारी की गई है जिसमें नोएडा को प्रथम स्थान मिला है। डॉ दीपक कुशवाहा ने कहा कि नोएडा विधानसभा के विधायक पंकज सिंह की कड़ी मेहनत के कारण ही नोएडा विधानसभा को प्रथम स्थान मिलने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने विधायक पंकज सिंह को सदस्यता अभियान में प्रथम स्थान पाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# दादा जी की सीख आज भी याद है : मोहित





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौधरी शिव नारायण फौजी की प्रेरणा से सच्चाई के रास्ते पर चलने की सीख मिली है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के नेता मोहित भाटी (कुलीपूरा) ने एक बातचीत के दौरान कही है।

उन्होंने कहा कि हमारे दादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवनारायण चौधरी की दी हुई सीख है। उन्होंने कहा कि मेरे दादा मेहनती एवं इमानदार सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। उनके जीवन शैली के प्रमुख आधार अनुशासन धार्मिकता समय की पाबंदी एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता नित्य सुबह से उठना एवं टहलना पूजा पाठ एवं मंदिर जाना मुख्य दिनचर्या थी।

उन्होंने कहा कि लोगों की भलाई के लिए सदैव तत्पर रहते थे उनके इस विचारधारा को हम आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं।

# सभी दुकानदार नेम प्लेट लगाएं : प्रधान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने कहा है कि हिंदू अपने दुकानों का नाम लिख सकता है तो मुसलमान अपने दुकान में पर नेम प्लेट लगाने में क्यों आना-कानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए आदेश पर जिला प्रशासन के आला अफसर मौन क्यों है उन्होंने जिले के डीएम एवं पुलिस कमिश्नर से मांग करते हुए कहा कि जिले की सभी दुकानों पर नेम प्लेट लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट जूस एवं अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर सभी दुकानदार अपने नेम प्लेट अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि इस मसले को जिला प्रशासन के आल्हा अफसर गंभीरता से लेकर इसका पालन करें। उन्होंने कहा कि धर्म नष्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# किसानों की आवाज बुलंद करेंगे : अजय पहलवान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (संघ शक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पहलवान ने कहा है कि किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उसका निस्तारण करना हमारे यूनियन की प्रमुख मांग है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के किसान विभिन्न समस्याओं से ग्रसित है लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को निस्तारण करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि आज किसान कड़ी मेहनत के बाद भी उन्हें उनके अनाजों के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों के सामने गन्ना भुगतान की प्रमुख समस्याएं हैं। सरकारी आती हैं और चली जाती हैं उसके बाद भी गन्ना किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता।

उन्होंने कहा कि शीघ्र किसानों से मिलकर उनकी बातों को सरकार तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। अजय पहलवान ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाना है। भारतीय किसान यूनियन (संघ शक्ति) संगठन केवल किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश पंजाब हरियाणा महाराष्ट्र एवं देश के अन्य राज्यों में भी किसानों की समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाकर किसानों की बात पटल पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा केंद्र एवं प्रदेश की सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। अजय पहलवान ने कहा कि शीघ्र ही पूरे भारत में संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में संगठन का विस्तार पूरा हो चुका है और अब अन्य प्रदेशों में विस्तार की प्रक्रिया प्रारंभ है।

# किसान सभा ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान सभा के जिला कमेटी सदस्य जोगिंदर प्रधान की भूमि पर विपक्षी पार्टी द्वारा जबरन कब्जा किए जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर किसान सभा ने धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में गवरी मुखिया, अजब सिंह नेताजी, शिशांत भाटी, जोगेंदरी रजे सिंह यादव विनोद, अजय पाल भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, महासचिव जगबीर नंबरदार, पप्पू ठेकेदार, सुरेंद्र भाटी, सुले यादव, धर्मेंद्र एडवोकेट, ओम दत्त पंडित आदि लोग मुख्य रहे।

# सीटू का प्रदर्शन स्थगित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मैसर्स-सैमसंग इंडिया श्री पेटंबदूर तमिलनाडु प्लांट के आंदोलनरत कर्मचारियों के समर्थन में सीटू जिला कमेटी सैमसंग कंपनी के प्लाट पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा कर रखी थी। उक्त संदर्भ में पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों द्वारा ग्रेटर नोएडा में चल रहे इंटरनैशनल ट्रेड शो जिसमें देश-विदेश के गणमान्य लोग हिस्सा ले रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम के मद्देनजर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को स्थगित करने के लिए सीटू नेताओं से बातचीत की जा रही थी। उक्त प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के संदर्भ में आज श्री हिरदेश कठेरिया एडीसीपी सेंट्रल नोएडा व श्री मनीष कुमार मिश्रा एडीसीपी नोएडा ने सीटू नेताओं को अपने कार्यालय सेक्टर-14ए नोएडा पर बुलाकर बातचीत किया और उन्होंने सैमसंग मैनेजमेंट से भी बातचीत कर बताया कि सैमसंग मैनेजमेंट लगातार तमिलनाडु प्लांट में चल रही श्रम समस्याओं के समाधान करने का प्रयास कर रहा है।उपरोक्त मुद्दे पर वार्ता में आज बनी सहमति के आधार पर सीटू नेताओं ने 27 सितंबर 2024 को नोएडा सैमसंग प्लांट पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया।

# पृष्ठ एक के शेष....

**जनविरोध के बाद भी...**

से निवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। नोएडा सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम को भी पत्र लिखकर घरों के पास मोबाइल टॉवर ना लगाए जाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मोबाइल टॉवर लगाए जाने से सेक्टर के निवासियों में डर और भय का माहौल है।

**गंदगी की शिकायत...**

ने डंपिंग ग्राउंड बना दिया है। इस मामले की शिकायत निवासियों ने प्राधिकरण से की। जानकारी मिलते ही एसीईओ लक्ष्मी वीएस मौके पहुंची। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के डीजीएम आरके भारती, सीनियर मैनेजर चेतराम, चरण सिंह और मनोज चौधरी को जमकर फटकार लगाई।

ग्रेटर नोएडा शहर के लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों की लंबी-चौड़ी फौज तैनात है, जिसमें जीएम, डीजीएम, पांच सीनियर मैनेजर, पांच मैनेजर, दो जूनियर मैनेजर, नौ हेल्थ इंस्पेक्टर और बावन सुपरवाइजर शामिल हैं। लेकिन इसके बावजूद भी शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है।

एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य हरेंद्र भाटी का कहना है कि ग्रेटर नोएडा शहर के अलावा स्मार्ट विलेज का भी बुरा हाल है।

**अब महंगा हुआ ताज...**

खास पर बढी हुई टोल दरों का प्रभाव पड़ेगा। यीडा के सीईओ डा. अरूण वीर सिंह का कहना है कि वर्ष-2021-22 में टोल की दरें बढ़ी थी। इसके बाद दो वर्षों बाद अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में टोल की दरें बढ़ाई गई हैं। एक्सप्रेस-वे के रखरखाव व अन्य सुविधाओं के मददेनजर टोल में वृद्धि की गई है।

**एनसीआरटीसी का...**

(यूआईसी) द्वारा प्रस्तुत ये प्रतिष्ठित पुरस्कार, सस्टेनेबिलिटी और इनोवेटिव सार्वजनिक पारगमन प्रणालियों के लिए एनसीआरटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को मान्यता प्रदान करता है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री शलभ गोयल ने परिवहन प्रौद्योगिकी के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले, इनोट्रांस 2024, में इन पुरस्कारों को प्राप्त किया। ये पुरस्कार यूआईसी के 2030 के बेहतर भविष्य का डिज़ाइन दृष्टिकोण और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप हैं, जो वैश्विक रेलवे क्षेत्र में स्थिरता के लिए एनसीआरटीसी द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हैं।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने बताया कि ये पुरस्कार एनसीआरटीसी के व्यापक मल्टीमॉडल एकीकरण के अभिनव दृष्टिकोण का प्रमाण हैं, जो आरआरटीएस स्टेशनों को मौजूदा सार्वजनिक परिवहन साधनों जैसे मेट्रो, बसों और रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ विभिन्न फर्स्ट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी विकल्पों से जोड़ता है। यह हमारे यात्री-केंद्रित दृष्टिकोण और उन्नत तकनीकी समाधानों को अपनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को भी रेखांकित करता है। उदाहरण के तौर पर, एलटीई पर यूरोपीय ट्रेन कंट्रोल सिस्टम लेवल 2 के हाइब्रिड लेवल 3 सिग्नलिंग की दुनिया में पहली तैनाती, जो आगामी आरआरटीएस कॉरिडोर में निर्बाध इंटरऑपरेबिलिटी को सक्षम बनाएगी। यह मान्यता विभिन्न हितधारकों, विशेष रूप से भारत सरकार के बहुमूल्य योगदान को रेखांकित करती है, जिन्होंने इन परिवर्तनकारी तंत्रों के विकास में योगदान दिया है, जिससे इन नए यातायात समाधानों का तेज़ी से कार्यान्वयन संभव हो सका है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) द्वारा सतत विकास फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य वैश्विक रेलवे क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना और प्रदर्शित करना है, जिसमें सस्टेनिबिलटी पर विशेष जोर दिया जाता है। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 15 देशों से 17 फाइनलिस्ट प्रोजेक्ट शामिल थे, जिनमें कोरिया रेलरोड कॉर्पोरेशन, ईस्ट जापान रेलवे कंपनी, डीबी कार्गो ग्रुप (जर्मनी), एमट्रैक नेशनल रेलरोड पैसेंजर कॉर्पोरेशन (संयुक्त राज्य अमेरिका), एसएनसीबी असिस्ट-नेशनल रेलवे कंपनी ऑफ बेल्जियम, रेलवे फ्रॉम इटली सहित कई प्रतिष्ठित वैश्विक रेलवे निगमों ने भाग लिया।

आरआरटीएस नौ सस्टेनेबल डेव्लपमेंट गोल्स में सहयोग करता है, जिनमे जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों हैं। इस परियोजना से निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन की ओर के बदलाव को प्रोत्साहित करके, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर से सालाना 250,000 टन वाहनों के उत्सर्जन के कम होने की उम्मीद है, जिससे पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

# भाकियू (बलराज) का धरना जारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसायटी निवासियों का पैरामाउंट बिल्डर द्वारा सोसायटी के अन्दर किये गए अवैध निर्माणों व अन्य समस्याओ को लेकर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट मार्केटिंग आफिस के गेट पर 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना जारी है। धरने में जितेन्द्र गंगवार, के पी सिंह,अरुण शर्मा, मनोज अग्रवाल, महेश शर्मा, सुनील रेवू, आशू चौहान, ठाकुर किरणपाल, अतेंदर चौहन, डॉ नवीन भाटी, विनोद प्रताप, एस बी मौर्या, एके उपाध्यक्ष, जीसी उपाध्यक्ष,जितेंद्र सोलंकी, संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, प्रदेश सचिव सोनू खारी, यूथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश महासचिव संदीप नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष अशीष नागर, जिला उपाध्यक्ष राहुल भाटी, प्रदेश संगठन मन्त्री विकास त्यागी, जिला संगठन मन्त्री रिंकू भडाना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### टी20 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू

**दुबई।** अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट के लिए टिकटों की ब्रिकी शुरू हो गयी है। इसमें 18 साल से कम उम्र वालों को मुफ्त में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (करीब 114 रुपए) का है। टूनार्मेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा। पहले इस टूनार्मेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था पर वहां हुई हिंसा और खराब राजनीतिक हालातों के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसे यूएई में रख दिया। आईसीसी ने इसी को लेकर अपने बयान में कहा , ह्यटिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर कम रखी गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (तकरीबन 910 रुपए) का है। वहीं जिस दिन दो मैच खेले जाएंगे उस दिन एक ही टिकट से दोनों मैच के लिए प्रवेश मिलेगा। विश्व कप में दुनिया भर की 10 टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भाग लेगी।

### स्विडलर ने जीता शतरंज टूर्नामेंट का खिताब

**यरूशलम।** रूसी ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर ने बुधवार को संपन्न हुए यरूशलम मास्टर्स रैपिड शतरंज टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया है। पश्चिमी यरूशलम के रमाडा होटल में आयोजित दो दिवसीय टूनार्मेंट में दस ग्रैंडमास्टर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें दुनिया के पांच शीर्ष खिलाड़ी और पांच इजरायली राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा की और प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित किया गया। स्विडलर ने 6.5 अंक हासिल किए और 30,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता। वह केवल एक मैच हारे, (आखिरी दौर में अपने हमवतन डेनियल डुबोव के खिलाफ), हालांकि उन्होंने पहले ही पहला स्थान हासिल कर लिया था। उज्बेकिस्तान में आयोजित पिछली रैपिड विश्व शतरंज चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहने वाले डुबोव ने इस बार डचमैन जॉर्डन वैन फॉरेस्ट के साथ दूसरा स्थान साझा किया, दोनों ने 5.5 अंक हासिल किए। चार टाई-ब्रेकिंग विधियों का उपयोग करने के बाद भी दोनों को अलग नहीं किया जा सका। वहीं, 290 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ एक खुली प्रतियोगिता भी हुई, जिसे 18 वर्षीय इजरायली याहली सोकोलोव्स्की ने जीता, जिन्होंने नौ मैचों में आठ अंक प्राप्त किए।

### प्रो कबड्डी लीग 18 अक्टूबर से

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर, 2024 से शुरू होगा। रितेश देशमुख, सुदीप किच्चा, आलिया भट्ट, भुवन बाम और क्रिकेट स्टार केएल राहुल और हार्दिक पांड्या जैसी कई हस्तियां लीग में दिखाई दे सकती हैं। इस सेलिब्रिटी समूह में सबसे आगे पीकेएल के ब्रांड एंबेसडर रितेश देशमुख और सुदीप किच्चा हैं। महाराष्ट्र के बॉलीवुड अभिनेता रितेश राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों तरह की अपील लेकर आते हैं जो देश भर के प्रशंसकों से जुड़ती है।
पीकेएल की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कन्नड़ सिनेमा की एक बड़ी हस्ती सुदीप किच्चा कर्नाटक में उत्साही प्रशंसक आधार को उत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट और डिजिटल सनसनी भुवन बाम भी सितारों से सजी इस सूची में शामिल हैं। आलिया भट्ट अपनी व्यापक अपील और प्रभाव के साथ युवा पीढ़ी को कबड्डी से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार हैं। डिजिटल स्पेस में अग्रणी भुवन बाम अद्वितीय सामग्री सहयोग के माध्यम से पारंपरिक खेल प्रशंसकों और डिजिटल-प्रथम दर्शकों के बीच की खाई को पाटेंगे। भारत के दो सबसे बड़े जुनून- क्रिकेट और कबड्डी के मेल से देश के कुछ शीर्ष क्रिकेटर लीग का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं।

# भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट आज से, जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम




एजेंसी

**9 कानपुर ।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करने उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम उत्साहित होकर उतरेगी क्योंकि उसने पहला टेस्ट 280 रनों के भारी अंतर से जीता था। भारतीय टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी सहित हर क्षेत्र में हावी रही थी। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। ये दोनो पहले टेस्ट में असफल रहे थे। ऐसे में प्रशंसक इस मैच में इनसे बड़ी पारी की उम्मीद करेंगे। भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ ही ऋषभ पंत , शुभमन गिल के शतक से बड़ी जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम को पहले मैच में अध्यक्रम और निचले क्रम के बेहतर प्रदर्शन से जीत मिली। इसके अलावा गेंदबाजों ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया।
बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारतीय टीम पर दबाव बनाया था पर इसक बाद भी टीम ने जबरदस्त वापसी की थी। ऐसे में अब भारतीय टीम की नजरें स्वदेश में लगातार 18वीं सीरीज जीतने पर रहेंगी। ऋषभ ने कार हादसे के बाद लंबे समय बाद जिस प्रकार से पहले टेस्ट में खेला है। उससे ये उम्मीद है कि वह इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर पहले टेस्ट में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों हसन महमूद और तस्कीन अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की थी। वहीं ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनो को ही सहायता मिलती रही है। भले ही इसमें शुरूआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है पर खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को भी अवसर मिल सकता है। वहीं भारतीय टीम अगर बल्लेबाजी को अधिक मजबूत करना चाहेगा तो फिर अक्षर पटेल को कुलदीप की जगह पर रखा जा सकता है। बांग्लादेश की बात है तो पहले टेस्ट मैच में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसे देखते हुए वह अपनी टीम में बदलाव कर सकता है। उसके बल्लेबाज पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं चल पाए थे जबकि दूसरी पारी में अश्विन की स्पिन के सामने उन्होंने समर्पण कर दिया था।
बांग्लादेश के लिए राहत की बात ये है कि ऑलराउंडर शाकिब अल हसन इस मैच में खेलेंगे। मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने कहा कि यह स्टार ऑलराउंडर खेलने के लिए उपलब्ध है। बांग्लादेश की टीम तेज गेंदबाज नाहिद राणा की जगह बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। इसके अलावा जरुरत पड़ने पर ऑफ स्पिनर नईम हसन को भी टीम में जगह मिल सकती है।
इस मैच में भारतीय टीम के ऑलराउंडर जडेजा के पास अपने 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने का अवसर है। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

**दोनो टीमें इस प्रकार**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमरा/कुलदीप यादव, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान),शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा।

## रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे विराट और ऋषभ




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विराट कोहली और ऋषभ पंत आगामी रणजी ट्रॉफी टूनार्मेंट में दिल्ली की ओर से खेलेंगे। इन दोनो को ही दिल्ली की संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इसी दिन दिल्ली अपने एलीट प्लेट ग्रुप डी मैच में छत्तीसगढ़ का मुकाबला करेंगी। संभावित खिलाड़ियों की सूची में नवदीप सैनी, आयुष बदोनी, अनुज रावत, यश ढुल आदि भी शामिल हैं। ऋषभ ने हाल में दलीप ट्रॉफी में खेला था। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की ओर से 84 संभावित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा गया, सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक में समिति ने 2024-25 के घरेलू सत्र में आगामी रणजी ट्रॉफी टूनार्मेंट के लिए दिल्ली पुरुष सीनियर टीम में विचार के लिए निम्नलिखित संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। चयनित खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट 26 सितंबर 2024 को होगा, जिसमें स्थल का विवरण टीम मैनेजर द्वारा बताया जाएगा। साथ ही कहा गया, अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी पर गये खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट नहीं देना होगा। इसके अलावा 23 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को, यदि रणजी ट्रॉफी टीम के लिए नहीं चुना जाता है, तो उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। पत्र में कहा गया है, अंडर-23 श्रेणी के लिए चयनकताओं का अंतिम निर्णय संबंधित श्रेणियों में खिलाड़ियों की नियुक्ति पर होगा। विराट ने रणजी में अपना अंतिम मैच नवंबर 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था जिसमें वे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर दोनों पारियों में 14 और 42 रन बनाकर आउट हो गए थे।

## शाकिब ने टी20 क्रिकेट से लिया संन्यास



एजेंसी

**कानपुर।** बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। ऐसे में अब वह भारत के साथ दूसरे टेस्ट के बाद होने वाली टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इसके अलावा कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाला टेस्ट मैच उनका आखिरी टेस्ट मैच हो सकता है क्योंकि वह टेस्ट को भी अलविदा कहना चाहते हैं। वहीं शाकिब ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद एकदिवसीय से भी संन्यास ले लेंगे।शाकिब ने हालांकि कहा कि अगर स्वदेश में उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मिलती है तो वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज के बाद ही संन्यास ले लेंगे। शाकिब पर बांग्लादेश में हुई हिंसा भड़काने के मामले में हत्या का मामला दर्ज हुआ है जिससे बाद से ही वह परेशान हैं हालांकि कल बोर्ड ने कहा था कि उन्हें बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा पर जिस प्रकार के हालात अभी बांग्लादेश में है उसमें दक्षिण अफ़्रीका की टीम के भी वहां जाने की संभावना नहीं है। कानपुर टेस्ट से पहले शाकिब ने कहा, मैं दक्षिण अफ़्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं, लेकिन वहां पर हमारे देश में बहुत कुछ हो रहा है। इसलिए बहुत कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने बीसीबी के साथ टेस्ट क्रिकेट को लेकर अपने भविष्य पर बात की है। यह मेरा अंतिम टेस्ट हो सकता है। हां, अगर अवसर मिला तो मैं मीरपुर में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। बोर्ड भी यह पक्का करने की पूरी कोशिश कर रहा है कि मैं वहां खेल सकूं और सुरक्षित रहूं।

## राष्ट्रीय टीम में कोई जगह नहीं थी इसलिए लिया संन्यास : धवन



एजेंसी

**जोधपुर।** यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट खेल रहे भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने का कारण बताया है। धवन के अनुसार जब राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोई संभावना ही नहीं थी तो वह घरेलू क्रिकेट खेलकर क्या करते।यही कारण था कि उन्होंने पिछले महीने ही अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। धवन ने भारतीय टीम की ओर से साल 2013 से 2022 के बीच 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। धवन ने कहा, मैं घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना चाहता था क्योंकि मेरे अंदर से इसे खेलने के लिए प्रेरणा नहीं बची थी। धवन ने साल 2021 में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। धवन ने 12 मैच में टीम की कप्तानी की जिसमें से भारतीय टीम ने सात मैच जीते जबकि तीन मैचों में उसे हार झेलनी पड़ी। पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्व कप में भी धवन को टीम में जगह नहीं मिली थी। भारतीय टीम की ओर से इस क्रिकेटर ने अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2022 में खेला था। इस क्रिकेटर ने कहा, अगर मैं पीछे मुड़कर देखूं तो पिछले दो साल में मैं बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहा था और मैं सिर्फ आईपीएल खेल रहा था।

### अभिनेता राणा दग्गुबाती भारतीय महिला क्रिकेटरों से मिले

**दुबई ।** अभिनेता राणा दग्गुबाती ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए दुबई पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम का स्वागत किया है। दग्गुबाती ने हवाई अड्डे पर कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित महिला क्रिकेटारों से मुलाकात कर उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।इस दौरान हरमनप्रीत ने कहा कि ये टीम अब तक की सबसे अच्छी टीम है। उन्होंने कहा कि टीम इस बार प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि इस टीम में कुछ खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से खेल रहे हैं, और वे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं। साथ ही कहा कि पूजा वस्त्राकर अच्छा खेल रही हैं। रेणुका सिंह से उनको सहयोग मिल रहा है। अरुंधति रेड्डी बल्लेबाजी के साथ जरुरत पड़ने पर गेंदबाजी भी कर सकती है।

## कानपुर टेस्ट में अश्विन बना सकते हैं एकसाथ कई रिकार्ड



एजेंसी

**कानपुर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन शुक्रवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच रिकार्ड अपने नाम कर सकते है। अश्विन के अबतक टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में 99 विकेट हो गये हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही चौथी पारी में वह 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अब तक किसी भी भारतीय गेंदबाजी ने अब तक ये उपलब्धि हासिल नहीं की है। अब तक दुनिया के 5 गेंदबाजों ने ही चौथी पारी में 100 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वार्न 138 विकेट के साथ ही इस सूची में पहले नंबर पर हैं। इसके अलावा नाथन लायन, रंगना हेराथ, मुथैया मुरलीधरन, ग्लेन मैक्ग्रा ने भी चौथी पारी में 100 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में पारी में सबसे अधिक 5 विकेट लेने के मामले में अभी वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर है। वहीं अगर वह ग्रीन पार्क में 5 विकेट लेते हैं तो वॉर्न से आगे निकल जाएंगे। इसके अलावा अश्विन कानपुर टेस्ट के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने का जहीर खान का रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं। जहीर ने अब तक बांग्लादेश के खिलाफ 31 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 29 ऐसे में 3 विकेट लेते ही वह जहीर से आगे निकल जाएंगे।
अश्विन कानपुर टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं। हेजलवुड ने डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र में 52 विकेट लिए थे। डब्ल्यूटीसी में अब तक सबसे अधिक विकेट नाथन लायन के नाम 187 विकेट हैं। अश्विन अगर कानपुर में 8 विकेट लेते हैं तो लायन से आगे निकल जाएंगे। स्पिनर अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में भी लायन को पीछे छोड़ सकते हैं। अश्विन के नाम टेस्ट मैचों में 522 विकेट हैं वहीं लायन के नाम 530 विकेट हैं। अश्विन को नाथन लायन से आगे निकलने के लिए 9 विकेट की जरुरत है। वहीं ऑलरांउडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट मैचों में 299 विकेट लिए हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही वह 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले 11वें ऑलराउंडरों में शामिल हो जाएंगे।

## स्टोक्स सीमित ओवरों के किकेट में वापसी के लिए तैयार



एजेंसी

**लंदन ।** इंग्लैंड ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि वह उन्हें बुलाया जाता है तो वह सीमित ओवरों के प्रारुप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स का माना है कि अगर नये कोच ब्रेंडन मैकुलम को उनकी सेवाओं की जरुरत हुई तो वह सफेद गेंद के प्रारुप में खेलने तैयार हो जाएंगे। स्टोक्स ने साल 2019 में अपनी टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साल 2022 में इंग्लैंड की टीम को टी20 विश्वकप जिताया था। इस क्रिकेटर ने 2022 में थकान और लगातार व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था पर भारत में गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्व कप में वापसी की थी। तब स्टोक्स ने छह मैचों में एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ 304 रन बनाए। लेकिन टीम 9 मैचों में सिर्फ 3 जीत हासिल कर पाई और एक समय तो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन का भी खतरा पैदा हो गया था। उन्होंने विश्व कप 2023 के बाद से सफेद गेंद क्रिकेट में भाग नहीं लिया है। वह जून में टी20 विश्व कप में भी शामिल नहीं थे जिससे कि घुटने की समस्या से उबरकर अपनी पूरी फिटनेस हासिल कर सकें। वह टेस्ट क्रिकेट पर ही पूरा ध्यान लगाने लगे। वह द हंड्रेड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद 7 अक्टूबर से पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट से पहले पूरी तरह से फिट होने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि कोच के साथ वापसी को लेकर अभी उनकी बात नहीं हुई है। मैकुलम जनवरी 2025 से पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के साथ टीमों को भी कोचिंग दे रहे हैं, इसलिए अगर मैकुलम से उन्हें बुलावा आता है तो उन्हें खुशी होगी।

## टी20 सीरीज में अनुभवी खिलाड़ियों को मिलेगा आराम




एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह एक टी20 सिरीज खेलेगी। इसके टीम कई बदलावों के साथ नजर आयेगी क्योंकि टेस्ट खेल रहे कई खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। ऐसे में टी20 टीम में आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, रियान पराग, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, और खलील अहमद को शामिल किया जाएगा। ये खिलाड़ी पहले भी श्रीलंका दौरे पर भारतीय टी20 टीम में शामिल रहे थे। ये टी20 सीरीज 6 अक्टूबर से खेली जाएगी और इसके लिए बीसीसीआई जल्द ही खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर सकती है। इसमें ये तय है कि टेस्ट टीम के ज्यादार खिलाड़ी टी20 टीम में नहीं रहेंगे। टेस्ट सीरीज में शामिल ऋषभ पंत, केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाना तय है क्योंकि आगे भारतीय टीम को कई टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, और सरफराज खान भी टी20 टीम में नहीं रहेंगे जबकि शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यश दयाल, और ध्रुव जुरेल में से कुछ को ईरानी कप और आगामी टेस्ट सीरीज को देखते हुए आराम दिया जा सकता है।

## चेन्नइयन को घर पर खेलने का मिलेगा फायदा



एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नइयन एफसी की टीम आज शाम यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में मोहम्मडन एससी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में पहला घरेलू मुकाबला खेलेगी। मरीना माचांस ने सीजन के अपने शुरूआती अवे मैच में ओडिशा एफसी पर 3-2 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि मोहम्मडन एससी ने एफसी गोवा के साथ 1-1 से ड्रा खेलकर आईएसएल में पहली बार अंक हासिल किया।
चेन्नइयन एफसी घर वापसी से खुश होगी क्योंकि उसने घरेलू मैदान पर खेले गए पिछले सात मैचों में से पांच जीते हैं। सकारात्मक घरेलू प्रदर्शन ने पिछले सीजन में उसे प्लेऑफ पहुंचाया था।
मोहम्मडन एससी आईएसएल में पहली बार अवे मैच खेलेगी। मोहम्मडन एससी ने अपने दूसरे आईएसएल मुकाबले में 18-यार्ड बॉक्स के अंदर से 15 शॉट लगाए। विपक्षी बॉक्स के अंदर आकर शॉट लगाने की ब्लैक पैंथर्स की प्रवृत्ति चेन्नइयन एफसी की डिफेंस को परेशान करेगी। स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल के अनुसार चेन्नइयन एफसी जहां भी खेलें, उसका इरादा हर मुकाबले से पूरे तीन अंक हासिल करना है। उन्होंने कहा, ह्रमैं जिस मानसिकता और एकाग्रता की बात करता हूं, उसे टीम बनाए रखती है। हमारे शरुआती दस मैचों में से सात घर से बाहर हैं। इसलिए, चाहे घर हो या बाहर, हम जीत के लिए खेलते हैं।
मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव ने अपने खिलाड़ियों के हौसलें पर गर्व व्यक्त किया। उन्हें उम्मीद है कि वे आगामी मैचों के लिए अच्छे से तैयार होने के लिए शारीरिक मजबूत पर काम करते रहेंगे।
चेर्निशोव ने कहा, मेरे खिलाड़ी बढ़िया फुटबॉल खेल रहे हैं और आत्मविश्वास के दम पर उन्होंने आईएसएल में उपस्थिति दर्ज कराई है। लेकिन अब हमारे पास पर्याप्त समय नहीं है। हमें अब अवे मैच खेलना है। हम शारीरिक मजबूती पर काम जारी रखेंगे।



बीजिंग में चीन ओपन टेनिस में खेलती हुई चीन की झांग सुएई।




स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।




# कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस होगी लाखों में इनकम

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

## इवेंट फोटोग्राफर

फोटोग्राफर बनने के लिए बस आपको एक कैमरे की जरूरत होती है जो कि 50 हजार से कम कीमत में कहीं से भी ले सकते हैं। इस काम के लिए आपके भीतर जुनून और किसी भी चीज की खूबसूरती देखने और उसे कैमरे में कैद करने का हुनर होना जरूरी है। लोगों के फैमिली फंक्शन, शादी, बर्थडे पार्टी, सोसाइटी के कार्यक्रमों आदि में फोटोग्राफर की डिमांड होती है। किसी भी इवेंट को यादगार बनाने के लिए फोटोग्राफी जरुरत बन गई है। ऐसे में आप फोटोग्राफी के जरिए अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लांइट को ढूंढ़ना होगा और उनको डील करानी होगी।



## ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।






## आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

## मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ात्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।



# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल




**आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।**

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखे

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है।

नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल


लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढ़ना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।




### ऐसा होना चाहिए ट्विटर अकाउंट

मार्केटिंग के क्षेत्र में उम्मीदवार के ट्विटर अकाउंट को देखने का चलन है। इससे पता चल जाता है कि उम्मीदवार का नेटवर्क कैसा है। ट्विटर प्रोफाइल को पब्लिक नहीं, प्रोफेशनल बनाएं। अपने करियर क्षेत्र से जुड़े ट्वीट डालें और फॉलो करें। अगर किसी कंपनी में सीनियर पोस्ट के लिए जा रहे हों तो 60 फीसदी ट्वीट आपकी इंडस्ट्री से जुड़े होने चाहिए।



## जब अर्जुन कपूर ने मजाक में वरुण धवन के बारे में कही थी बड़ी बात, फिल्म गरम मसाला से की थी तुलना



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने एक बार मजाक में कहा था कि अभिनेता वरुण धवन की जिंदगी अक्षय कुमार की गरम मसाला से प्रेरित है।
वरुण धवन और अर्जुन कपूर ने कभी एक साथ स्क्रीन साझा नहीं किया है, लेकिन उनके ऑफ-स्क्रीन बॉन्ड को प्रशंसकों ने हमेशा ही पसंद किया है। दोनों की पहली मुलाकात बैरी जॉन के एक्टिंग इंस्टीट्यूट में हुई थी और दोनों की दोस्ती जल्दी ही हो गई थी। यारों की बारात शो में अपनी एक उपस्थिति के दौरान, अर्जुन ने मजाक में कहा कि जिस तरह से वरुण की जिंदगी रही है, हो सकता है कि अक्षय कुमार की फिल्म गरम मसाला को प्रेरित किया हो वरुण की जिंदगी।

### दोनों एक्टिंग स्कूल में थे साथ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भेड़िया स्टार वरुण ने अपने एक्टिंग स्कूल टाइम को याद किया और बताया कि एक वक्त था जब वह और अर्जुन एक ही लड़की को डेट करते थे। वरण ने कहा उसने हम दोनो को घुमा दिया। वह हमेशा क्लास में चुपचाप बैठी रहती थी और वह केवल मुझसे बात करती थी। मुझे लगता था कि मैं क्लास में उसका एक मात्र दोस्त था।

### वरुण को हुआ था दुख

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण ने आगे कहा, कैसे एक बार वही लड़की उन्हें एक पार्टी के बाद ले गई, जहां वह नशे में धुत थी और नशे की हालत में उसने अर्जुन से कहा, अर्जुन के साथ कुछ हुआ है, लेकिन मैं गंभीर नहीं हूं, मैं तुम्हें पसंद करती हूं। वरुण धवन इस बात से बेहद दुखी हुए थे। अर्जुन कपूर ने कहा, वह (वरुण) एक्टिंग स्कूल की हर लड़की से फ्लर्ट करता था। गरम मसाला फिल्म वरुण धवन के जीवन पर आधारित है।

### फिल्म में एक साथ आएंगे नजर

वरुण धवन और अर्जुन कपूर के प्रशंसकों के लिए हाल ही में अच्छी खबर आई जब दिलजीत दोसांझ के साथ उनकी मुख्य भूमिका वाली एक फिल्म की घोषणा की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तीनों बोनी कपूर द्वारा निर्मित नो एंट्री के सीक्वल में नजर आएंगे। फिल्म के अभिनेता तय हो चुके हैं। वहीं फिल्म में दस महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में होंगी, जो अभी भी तय नहीं हुई हैं।



## कॉलेज में बुलिंग और बॉडी शेमिंग का शिकार रही, मुझे लगता था मैं खूबसूरत नहीं

**टेलिविजन पर छोटी सरदारनी के रोल में मशहूर निमृत कौर अहलूवालिया की शोहरत बढ़ी बिग बॉस 17 और खतरों के खिलाड़ी 14 से। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार सरदार से। एक समय बुलिंग और बॉडी शेमिंग का शिकार रही निमृत यहां अपनी फिल्म ही नहीं जिंदगी के उतार-चढ़ाव पर भी बात करती हैं।**

**पिछले दिनों आपका वेट लॉस काफी चर्चा में रहा। यह सफर आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण रहा है**

जब मैं छोटी सरदारनी के सेट पर थी और उस वक्त मेरा डिप्रेशन डायग्नोज हुआ, तो मैंने 6 महीने के अंदर 15 किलो वजन गेन कर लिया था। वो इसलिए नहीं था कि मैं वर्कआउट नहीं कर रही थी या खाना ठीक से नहीं खा रही थी, उसका कारण था, मेरे हार्मोनल इम्बैलेंस। जब आप एंटी डिप्रेशन पिल्स खाते हैं, तो आपकी बॉडी बहुत ज्यादा पानी होल्ड करने लगती है और बहुत ज्यादा फैट स्टोर करने लग जाती है, तो वो बहुत ही निराशाजनक समय था।

**पुरुषों की तुलना में महिलाओं को आम तौर पर जो बॉडी शेमिंग का शिकार बनाया जाता है, उसे आप कैसे देखती हैं**

मुझे जो सबसे बड़ी समस्या लगती है, वो ये कि हमने औरत को हमेशा एक बायलॉजिकल रोल में देखा है और ये सदियों से चला आ रहा है। अभी तो फिर भी कुछ बदलाव देखने मिलता है। औरतें घरों से निकल कर काम करने लगी हैं, मगर कहीं कोने में मानसिकता यही है कि वे सुंदर दिखें और एक तरह से उन्हें भोग की वस्तु माना जाता है। हालांकि वक्त के साथ हम प्रोग्रेस कर रहे हैं, मगर बेसिक लेवल की मानसिकता यही है। हम पर सुंदर दिखने का प्रेशर होता है, मगर मेरी कई फ्रेंड्स ऐसी हैं, जो कोर्ट में काम करती हैं या डेस्क जॉब, मगर उन पर भी ये दबाव लगातार रहता है कि अरे मैं मोटी हो रही हूं। मेरा वजन बढ़ रहा है।

**बिग बॉस 17 के बाद खतरों के खिलाड़ी जैसे रिएलिटी शोज का हिस्सा बन कर आपने क्या सीखा**

मैंने बिग बॉस में जाने से पहले कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी बदल जाऊंगी। साढ़े चार महीने का वक्त मिला, तो खुद को समझने का भी मौका मिला। पहले मैं बहुत साधारण थी, और बिग बॉस के बाद मेरा दुनिया को देखने का नजरिया ही बदल गया। अगर मैंने वो घर साढ़े चार महीने झेल लिया, तो फिर मैं कुछ भी कर सकती हूं। ये मेरे लिए एक बड़ी जीत थी। हो सकता है, बाहर से लोगों को लगे कि मैं शायद स्ट्रॉन्ग नहीं थी, लेकिन मेरे लिए उस माहौल में रहना, उस मानसिक स्थिति से गुजरना, ये बहुत बड़ी बात थी। खतरों के खिलाड़ी एकदम अलग अनुभव था। वहां हर स्टंट के साथ खुद को साबित करने का मौका मिला। हर चुनौती का सामना किया और खुद को एक हीरो की तरह महसूस किया।

**पंजाबी फिल्म में काम करने का अनुभव कैसा रहा पंजाबी होने का कितना फायदा मिला**

बहुत अच्छा रहा। मैं जब सीरियल छोटी सरदारनी कर रही थी, तब 2021 में भी मुझे एक पंजाबी फिल्म का प्रस्ताव मिला था, मगर मैं कोविड का वक्त था और डेट्स की भी समस्या थी, तब मैं वो पंजाबी फिल्म नहीं कर पाई थी। पिछले साल भी मेरे पास 4-5 पंजाबी फिल्में आईं, मगर मेरे अंदर से आवाज ही नहीं आई कि उन फिल्मों के लिए हां कहूं, मगर इस साल मुझे इस फिल्म का ऑफर इसके निर्देशक जट एंड जूलिएट के लेखक धीरज जतन की ओर से मिला। फिल्म में एक ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला है जो बहुत मानवीय है। ये किरदार एक टिपिकल हीरोइन नहीं है, बल्कि एक दमदार इंसान है। पंजाबी होने का फायदा तो मिला, मगर ठेठ पंजाबी में तो फिर भी एलर्ट रहना पड़ता है। अब जैसे हिंदी में मैं काफी कंफर्टेबल हूं और सेट पर कुछ इम्प्रोवाइज करना होता है, तो कर देती हूं, मगर पंजाबी में इतनी आसानी नहीं होती।

**गुरु रंधावा जैसे एक्टर-सिंगर के साथ काम करना कैसा रहा**

गुरु के गाने तो मैं तब से सुन रही हूं, जब मैं कॉलेज में थी। गुरु बहुत ही अच्छे इंसान हैं और उन्होंने मेरे लिए बहुत ही कम्फर्टेबल और वेलकमिंग माहौल बनाया। वो बहुत दयालु हैं, अपनी टीम के साथ भी और हमारे साथ भी। उनके साथ काम करने का अनुभव बहुत ही मजेदार रहा।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे सौरभ जैन



अभिनेता सौरभ राज जैन टीवी के मशहूर अभिनेताओं में से एक हैं। टीवी पर भगवान कृष्ण की भूमिका निभाकर वह खूब लोकप्रिय हुए, अब अभिनेता शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह जानकारी साझा की। अभिनेता ने लिखा, 'छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाने का अवसर मिलना किसी भी अभिनेता के लिए एक आशीर्वाद है। अभिनेता ने यह भी साझा किया कि जब इसके लिए उनके पास कॉल आया तो उन्होंने तुरंत इसके लिए हां कर दिया। इसके साथ ही अभिनेता ने शूट के दौरान की एक तस्वीर भी साझा की।

## तृप्ति डिमरी के डांस नंबर मेरे महबूब की हो रही चर्चा एक्ट्रेस ने बताया प्रेरणा कौन?



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, जो अपनी आगामी फिल्म विकी विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आने वाली हैं, उन्होंने हाल ही में एक दिलचस्प खुलासा किया है। तृप्ति डिमरी ने बताया कि उन्होंने अपने डांस नंबर मेरे महबूब के लिए रवीना टंडन और कैटरीना कैफ के लोकप्रिय गाने टिप टिप बरसा पानी के संस्करणों से प्रेरणा ली है। गाने में देखा जा सकता है कि तृप्ति नीले रंग की इंडो-वेस्टर्न पोशाक पहनकर बेहद खूबसूरती के साथ नृत्य कर रही हैं। गाने में एक बारिश सीन है, जहां वह राजकुमार राव के साथ झूमती दिख रही हैं। गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह गाना मेरे लिए वाकई खास है; यह मेरा डांसिंग नंबर है। जब आपका पहला गाना सचिन-जिगर द्वारा संगीतबद्ध किया गया हो, शिल्पा राव और सचेत टंडन द्वारा गाया गया हो, और गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ किया गया हो, तो आपको और क्या चाहिए? मैं बहुत आभारी, खुश और उत्साहित हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने रवीना टंडन और कैटरीना कैफ के लोकप्रिय ट्रैक टिप टिप बरसा पानी जैसे 90 के दशक के प्रतिष्ठित बॉलीवुड गानों से प्रेरणा ली है, तो उन्होंने कहा, हां, मैंने इसके बारे में सोचा था और रिहर्सल के दौरान उन्हें देखा था। उनसे मैं तुलना नहीं कर सकती। वो बहुत अच्छे हैं, इस गाने को शूट करना बहुत मजेदार था क्योंकि यह मेरा पहला डांस नंबर था, लेकिन गणेश सर ने इसे मेरे लिए बहुत आसान बना दिया। उन्होंने कहा अब जब तुमने इसे सीख लिया है, तो बस मजा करो। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 1990 के दशक पर आधारित है, और तृप्ति ने विद्या नाम की एक छोटे शहर की लड़की का किरदार निभाया है।



## पति से शादी के आठ साल बाद अलग होंगी उर्मिला मातोंडकर

90 के दशक की सबसे खूबसूरत और प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक उर्मिला मातोंडकर अपने निजी जिंदगी की वजह से सुर्खियों में आ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपनी आठ साल की शादी को खत्म करने का फैसला कर लिया है। रिपोर्ट्स में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि वह अपने पति मोहसिन अख्तर मीर से तलाक लेने जा रही हैं। इसके लिए वह तलाक की अर्जी भी दाखिल कर चुकी हैं। रिपोर्ट्स में मुंबई कोर्ट के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि अभिनेत्री ने कोर्ट में करीब चार महीने पहले तलाक की अर्जी दायर की थी। एक अन्य रिपोर्ट में यह तक दावा किया गया है कि पति-पत्नी के रास्ते आपसी शर्तों पर अलग नहीं हो रहे हैं। सूत्र के दावे के मुताबिक उर्मिला ने मोहसिन के साथ अपनी शादी को खत्म करने का निर्णय लिया है। उन्होंने पहले ही अदालत में तलाक के लिए अर्जी दायर कर दी है। हालांकि, दोनों किस वजह से अलग हो रहे हैं, इस बात की जानकारी अब तक सामने नहीं आ सकी है, लेकिन कहा जा रहा है कि यह तलाक आपसी सहमति से नहीं हो रहा है।

गौरतलब है कि उर्मिला और कश्मीरी व्यवसायी और मॉडल मोहसिन ने आठ साल पहले बेहद सादगी के साथ अचानक शादी कर लोगों को चौंका दिया था। इस शादी में केवल करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल हुए थे। उनकी मुलाकात डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के जरिए हुई थी और दोनों ने 4 फरवरी, 2016 को शादी कर ली। दोनों की उम्र में 10 साल का अंतर है। इसके बावजूद इस जोड़े ने साझा मूल्यों और रुचियों के माध्यम से एक अपने रिश्ते को मजबूत बनाए रखा। अब उनकी तलाक की खबरों ने बहुत से लोगों को हैरान कर दिया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो उर्मिला पिछले काफी समय से बड़ पर्दे से दूर हैं। साल 2014 में वह एक मराठी फिल्म अजूबा में नजर आई थीं।




## इंडस्ट्री ने नहीं किया शाहरुख की क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल आमिर को बताया गेम चेंजर

**बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक करण जौहर ने शाहरुख खान को लेकर कहा कि इंडस्ट्री में उनकी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि शाहरुख सुपरस्टार के दबाव की वजह से कई भूमिकाएं नहीं कर पाते हैं।**

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान अक्सर चर्चाओं में बने रहते हैं। वह बीते कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। हाल में ही दिग्गज निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने उनके बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि शाहरुख को मुख्य धारा के सितारे के रूप में अपनी क्षमताओं का पूरी तरह से इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी गई। निर्देशक ने कहा, वह एक ऐसा अनोखा सितारा बनना चाहते थे, जो सिनेमा को बदल दे। हालांकि, अब कोई भी इसकी अनुमति नहीं देगा। निर्देशक ने आगे कहा कि जब शाहरुख खान का नाम लिया जाता है, तो उनके नाम के साथ एक उम्मीद जुड़ी होती है।

### सुपरस्टार के दबाव की वह शाहरुख नहीं कर पाते कई भूमिकाए

करण जौहर हाल में ही हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ एक इंटरव्यू के दौरान शाहरुख खान और आमिर खान को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि सुपरस्टार की छवि बनाए रखने का दबाव, अक्सर शाहरुख जैसे अभिनेता को लीक से हटकर कुछ अलग भूमिकाएं करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि शाहरुख ने पहेली और अशोका जैसी फिल्मों के साथ आदर्श से हटकर कदम उठाने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी कहा कि शाहरुख में हमेशा से प्रयोग करने और बदलाव लाने की इच्छा रही है, जो उनके करियर की शुरुआत से ही स्पष्ट रही है।



### शाहरुख हिंदी सिनेमा में क्रांति लाना चाहते हैं

करण जौहर ने आगे कहा कि शाहरुख कभी भी मुख्यधारा के हीरो जैसी छवि नहीं चाहते थे। हालांकि, दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे की सफलता ने उन्हें इस रास्ते पर डाल दिया। इस फिल्म के बाद उनकी कई प्रेम कहानियों वाली फिल्में आईं, लेकिन वह हमेशा से कुछ अलग तरह की भूमिकाएं करना चाहते थे। निर्देशक ने कहा कि शाहरुख का केतन मेहता, कुंदन शाह और मणि कौल जैसे निर्देशकों के साथ काम करना इस बात का सबूत है। निर्देशक ने शाहरुख की इच्छा उजागर करते हुए कहा कि वह एक ऐसे अभिनेता बनना चाहते हैं, जो सिनेमा में क्रांति ला सके।

### आमिर को बताया गेम चेंजर

करण ने इस दौरान बॉलीवुड के एक और सुपरस्टार आमिर खान की भी बात की। उन्होंने आमिर की इंडस्ट्री के लिए गेम चेंजर बनने की सराहना की। उन्होंने कहा कि आमिर ने जिस तरह लगातार अलग-अलग तरह की भूमिकाएं चुनीं, वो बेहद शानदार रहा। करण ने आमिर की लगान का उल्लेख करते हुए बताया कि ये भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने इस दौरान आमिर की तारे जमीन पर, रंग दे बसंती जैसी कई अन्य फिल्मों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आमिर ने गजनी भी की, जिसने हिंदी सिनेमा में रीमेक वाले दौर को वापस लाया।



# एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक दौड़ेगी लाइट ट्रांजिट रेल!

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक नमो भारत और मेट्रो लाइन के ट्रैक पर अब लाइट ट्रांजिट रेल (एलआरटी) भी दौड़ चलेगी।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में चेयरमैन अनिल सागर के समक्ष एयरपोर्ट से गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और नोएडा को कनेक्ट करने वाली परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें बताया गया कि दो चरणों में प्रस्तावित गाजियाबाद से एयरपोर्ट के बीच ट्रैक का निर्माण अब एक साथ किया जाएगा। पूर्व योजना के अनुसार पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से इकोटेक-6 तक 39.39 किमी लंबे और दूसरे चरण में इकोटेक-6 से एयरपोर्ट तक 32.90 किमी का ट्रैक बनना था। पूरी तरह से एलिवेटेड ट्रैक पर नमो भारत 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफर तय करेगी। परियोजना को पूरा करने के लिए भारत सरकार और यूपी सरकार 20-20 फीसदी का अंशदान करेंगे। इसके निर्माण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) लागत का 60 फीसदी खर्च करेगा। एनसीआरटीसी की असमर्थता पर इस धनराशि की व्यवस्था गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, ग्रेनो, यमुना प्राधिकरण और नोएडा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (नायल) करेगा।

यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि एक ही ट्रैक पर नमो भारत, मेट्रो और एलआरटी संचालन के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके लिए 14.6 किमी का अलग से ट्रैक तैयार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह नमोभारत और मेट्रो के साथ एक ही ट्रैक पर चलेगी। लाइट ट्रांजिट रेल 21 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौडेगी। मेट्रो के लिए हर 3.5 मिनट, रैपिड के 7 मिनट और एलआरटी के लिए 8 मिनट के बीच सर्विस रहेगी। सर्वे के अनुसार 2031 तक इस रूट पर 3.09 लाख यात्री सफर करेंगे, जबकि 2054-55 तक यात्रियों की संख्या 7 लाख से अधिक तक पहुंचने का अनुमान है। परियोजना में 20 हजार करोड़ से अधिक का खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी से एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी की जगह एलआरटी का संचालन किया जाएगा। इस परियोजना के लिए प्रदेश सरकार ने सहमति दे दी है और प्रस्ताव को भारत सरकार के शहरी आवासन मंत्रालय को भेज दिया है।

# सेक्टर-11 व दिल्ली की सीमा पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वार



## प्राधिकरण अफसरों व आरडब्ल्यूए के बीच हुई बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली से सेक्टर-11 में प्रवेश करने के लिए अब एक भव्य द्वार बनाया जाएगा जो नोएडा का प्रवेश द्वार कहलाएगा। इसके लिए सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए ने पहल तेज कर दी है।

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक तथा उनकी टीम ने प्रवेश द्वार साइट का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रवेश द्वार को लेकर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ बैठक भी हुई।

इस दौरान अधिकारियों से आर ब्लॉक में वायर फेंसिंग के लिए अनुरोध किया। साथ में आर ब्लॉक के सामने वॉल पर प्लास्टर एवं पेंटिंग के लिए भी एस्टीमेट पास करने के लिए भेज दिया गया। मार्केट में टॉयलेट को अच्छे से रेविनेट करने के लिए अनुरोध किया गया। मंदिर के साइड नाले पर ढक्कन से कवर करना एवं ग्रिल और टाइल से उसको खूबसूरत बनाने के लिए भी चर्चा हुई।

# 100 रुपये के स्टांप पेपर पर नहीं, फ्लैट की कीमत का समूचा स्टैंप शुल्क देकर करना होगा एग्रीमेंट टू लीज

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना प्राधिकरण ने अब 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर होने वाले एग्रीमेंट को खत्म कर दिया है।

प्राधिकरण की नई के मुताबिक, अब बिल्डर और बायर्स के बीच एग्रीमेंट टू लीज (संपत्ति के पट्टे का अनुबंध) करना अनिवार्य हो गया है। इस प्रक्रिया में फ्लैट बायर्स को कुल कीमत का 10 प्रतिशत भुगतान करना होगा। अगर बिल्डर और



खरीदार फ्लैट या संपत्ति को बेचना चाहेंगे तो इसके लिए उन्हें यमुना प्राधिकरण से पहले अनुमति लेनी होगी।

इसके साथ ही, खरीदार अपने फ्लैट को अन्य किसी व्यक्ति को बेचने के लिए भी प्राधिकरण की अनुमति के बिना नहीं कर सकेंगे। यह फैसला बायर्स और बिल्डरों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और दोनों पक्षों के बीच विवादों को भी होने से रोकेगा।

यमुना प्राधिकरण ने इस निर्णय से यह सुनिश्चित किया है कि बिल्डर अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा कर खरीदारों को सौंप दें। इससे न केवल खरीदारों के हितों की रक्षा होगी, बल्कि प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के मुताबिक निर्माण कार्य भी सुनिश्चित होगा। कुल मिलाकर यह फैसला यमुना प्राधिकरण द्वारा खरीदारों को ज्यादा सुरक्षा प्रदान करने और बिल्डरों को जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल बाजार में पारदर्शिता आएगी, बल्कि खरीदारों के अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

# कायाकल्प साहित्य कला फाउण्डेशन ने मनाया स्थापना दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** कायाकल्प साहित्य कला फाउण्डेशन, नोएडा के तत्वावधान में संस्था के मुख्य संरक्षक एस.पी. गौड़ के सेक्टर-34, नोएडा स्थित आवास पर फाउण्डेशन के 35वें स्थापना दिवस समारोह एवं सरस काव्य संध्या' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता दूरदर्शन के निवर्तमान कार्यक्रम निदेशक एवं वरिष्ठ साहित्यकार अरुण कुमार पासवान ने की।



मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबन्धक एवं प्रतिष्ठित कवि संजीव बेदी ने काव्य संध्या की शोभा बढ़ाई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मशहूर शाइर फहीम जोगापुरी, प्रतिष्ठित कवयित्री डॉ. भारती सिंह, रंजना मलिक एवं रंजीता सिंह ने शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर, फाउण्डेशन की ओर से एस. पी. गौड़ (मुख्य संरक्षक) डॉ. अशोक मधुप (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. अरुण सागर (कार्यकारी अध्यक्ष), डॉ. तूलिका सेठ (उपाध्यक्ष), कीर्ति रतन (उपाध्यक्ष), पूनम सागर (उपाध्यक्ष), ताबिश फैराबादी (महासचिव), नौशार खान (संयुक्त महासचिव) एवं सीमा सागर शर्मा (कोषाध्यक्ष) ने सभी अतिथियों को शॉल, सम्मान प्रतीक, पुष्पगुच्छ, पुष्पहार, एवं मुक्तामाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, मुख्य संरक्षक एस. गौड, डॉ. नरेन्द्र यादव एवं राकेश सेठ को भी मुक्तामाल एवं सम्मान प्रत्येक भेंट कर सम्मानित किया गया।

# फोनरवा की आमसभा 20 अक्टूबर को

**नोएडा (चेतना मंच)।** फोनरवा की कार्यकारणी की बैठक अध्यक्ष योगेन्द शर्मा



कि अध्यक्षता में हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि फोनरवा कि वार्षिक आमसभा आगामी 20 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान वर्ष 2023-24 का वार्षिक आय व्यय का ब्योरा सदस्यों के समक्ष रखा गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया और सदस्यों को किए गए विकास कार्यों को अवगत कराया गया।

महासचिव के के जैन ने बताया कि गत महीने में कमिश्नर ऑफ पुलिस ,डीसीपी ट्रैफिक, डीसीपी नोएड तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरडब्ल्यूए के साथ मीटिंग हुई थी नोएडा में कानून व्यवस्था पर विचार हुआ। लिए गए निर्णय के अनुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी तरह प्रबंध निदेशक, पीवीवीएनएल श्रीमती ईशा दुहान के साथ आरडब्ल्यूए की बैठक हुई।

नोएडा के निवासियों की समस्या के समाधान के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार बैठक हो रही है जिसमें की पानी और सीवर, पार्कों का विकाशबेंडिंग जॉन आदि की समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जाए।

नोएडा प्राधिकरण फोनरवा के सहयोग से प्रत्येक शनिवार को दो सेक्टर में सफाई अभियान चला रहा है इसके अंतर्गत आरडब्ल्यूए व निवासियों की समस्याओं का समाधान भी किया जाता है।

# काँग्रेस नेताओं ने पानीपत में किया प्रचार



**नोएडा (चेतना मंच)।** काँग्रेस के नेताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में काँग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंकी है। उत्तर प्रदेश काँग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सदस्य एव काँग्रेस नेता सतेन्द्र शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पानीपत के घरोडा विधानसभा से काँग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह राठौर के साथ विभिन्न गांवों में प्रचार-प्रसार कर काँग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

कांग्रेस नेता इन दिनों हरियाणा में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ने बताया कि नोएडा के तमाम कांग्रेसी नेताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अलग-अलग विधानसभा में प्रचार प्रसार कर रहे हैं और जनता से काँग्रेस पार्टी को वोट देकर सरकार बनाने की अपील कर रहे है। जनता भाजपा से त्रस्त है।

प्रचार प्रसार में अल्पसंख्यक विभाग के सचिव लियाकत चौघरी, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा, प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा, महासचिव विक्रम चौधरी, सोनू लोहिया, सतपाल गर्ग सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डकैती डाल रहे निजी स्कूल व अस्पताल, मूक दर्शक बनी केन्द्र व उप्र सरकार : राकेश अवाना



**नोएडा/ मेरठ (चेतना मंच)।** निजी स्कूलों तथा अस्पतालों के खिलाफ शुरू अनशन में नोएडा से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश अवाना के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता मेरठ पहुंचे।

मालूम हो कि पश्चिम प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका के नेतृत्व में तीन दिवसीय अनशन का आयोजन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, और महंगी फीस के कारण आम लोग प्राइवेट संस्थानों में भी नहीं जा सकते। नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत एनसीआर में खुले निजी स्कूल व

## तीन दिवसीय अनशन में पहुंचे नोएडा के आप कार्यकर्ता

अस्पताल मनमाना पैसा वसूलकर लोगों की जेबें भर रहे हैं। केन्द्र व प्रदेश की सरकार इन बेलगाम अस्पतालों पर नकेल डालने में असमर्थ है।

इस मौके पर जिला महासचिव कैलाश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलदार अंसारी, जिला सचिव जयकिशन जयसवाल, जिला सचिव अफ़ज़ल चौधरी व आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अनशन स्थल पर अपनी उपस्थिति से आंदोलन को और भी मजबूत बनाया।

# बुजुर्ग नहीं, अब युवाओं में भी बढ़ा हॉर्टअटैक का खतरा

**नोएडा (चेतना मंच)।** हार्ट अटैक का खतरा केवल बुजुर्गों को ही नहीं युवाओं में भी




है। खासतौर से 30 से 40 साल की उम्र के लोगों को भी हृदय रोग प्रभावित कर रहे हैं। भारत में पिछले पांच वर्षों के दौरान ये काफी बढ़े हैं। अचानक हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों के बढ़ने का कारण हमारा तेज रफ्तार जीवन और खराब लाइफस्टाइल है।

डॉ अजय कौल, चेयरमैन, कार्डियाक साइंसेज, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा एक प्रेसवार्ता में बताया कि पिछले पांच सालों में (कोविड के बाद) भारत में युवा आबादी के बीच हृदय रोगों के मामले बढ़ रहे हैं, और खासतौर से 30 से 40 साल की आयुवर्ग के लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। अध्ययनों से यह चिंताजनक तस्वीर उभरी है कि अब अधिक युवा भारतीय हार्ट अटैक तथा अन्य कार्डियोवास्क्युलर रोगों के शिकार बन रहे हैं। इसका कारण काफी हद तक लाइफस्टाइल में बदलाव होना है। युवा वयस्कों में बढ़ रहे हृदय रोगों के मद्देनजर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और डिस्लिपीडेमिया (खून में लिपिड की मात्रा असामान्य होना) की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। रूटीन हेल्थ चेकअप के दौरान समय पर रोगों के पकड़ में आने की संभावना बढ़ जाती है।

डॉ संजीव गेरा, डायरेक्टर एंड एचओडी, कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने बताया कि हम हर साल करीब 70 से 80 हृदय संबंधी रोगों के मामले देख रहे हैं। हाल में हमने 30 से 40 साल की उम्र के कुछ युवा मरीजों का उपचार किया, इन सभी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के तुरंत बाद ही, उनकी पूरी जांच की गई और तत्काल उपचार किया गया। संवाददाता सम्मेलन के दौरान वह मरीज भी मौजूद थे जिन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा था। पहला मामला 37 साल की एक महिल का था जो करीब एक सप्ताह तक छाती में बेचैनी की शिकायत के बाद फोर्टिस नोएडा के आपातकालीन विभाग में भर्ती हुई थीं। मेडिकल जांच से पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और कोरोनरी एंजियोग्राफी में उनकी रक्तवाहिकाओं के ब्लॉक होने का पता चला। अस्पताल में उनका इलाज एक नई टेक्नोलॉजी-डीसीबी (ड्रग कोटेल बैलून) से किया गया ताकि उनके शरीर में स्टेंट या किसी प्रकार की धातु न डालनी पड़ी। सर्जरी के बाद मरीज अब रिकवर हो चुकी हैं।

एक अन्य मामला 36 वर्षीय मरीज का था जो हार्ट अटैक के बाद तथा दो ब्लॉक धमनियों के साथ अस्पताल में भर्ती हुए थे। उनके मामले में धूम्रपान जैसे रिस्क फैक्टर भी दोषी नहीं थे लेकिन उनके परिवार में हृदय रोगों की हिस्ट्री थी। उनका स्टेंट तथा ड्रग कोटेड बैलून की मदद से इलाज किया गया।

चौथा मामला 39 वर्षीय एक पुरुष मरीज का था जिन्हें सीने में दर्द और परिश्रम करने पर सांस फूलने की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया था। उनकी कोरोनरी एंजियोग्राफी से पता चला कि वह ट्रिपल वैसल रोग से पीड़ित थे। उनकी कोरोनरी एंतियोग्राफी करने पर पता चला कि वह कोरोनरी आर्टरी रोग से पीड़ित थे।

पांचवां मामला 34 वर्षीय मरीज का था जो सीने में दर्द और थोड़ा भी परिश्रम करने पर सांस फूलने की शिकायत के बाद अस्पताल आए थे। उनकी यह शिकायत हर दिन धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी। इससे पहले भी उन्हें हृदय संबंधी तकलीफ हो चुकी थी और 2019 में उनकी एंजियोग्राफी भी हो चुकी थी। उन्हें कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्ट सर्जरी (सीएबीजी) करवाने की सलाह दी गई, जिसके बाद वे धीरे-धीरे रिकवर हो चुके हैं।

